पेज थ्री देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आइआइटी के छात्रों को किया प्रेरित।





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में कोरोना के चार नए मामले, नौ मरीज भी हुए स्वस्थ

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में शुक्रवार को कोरोना के चार नए मामले मिले, जबकि नौ मरीज स्वस्थ हुए हैं। कोरोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। कोरोना संक्रमण दर 1.21 प्रतिशत रही। देहरादून जनपद में दो, अल्मोड़ा और नैनीताल में एक–एक व्यक्ति संक्रमित मिला है। वहीं, नौ जिलों में हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, चम्पावत, बागेश्वर, चमोली, पौड़ी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी और उत्तरकाशी में कोरोना का नया मामला नहीं मिला है।

### कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य के पेट में रसौली की हुई सफल सर्जरी

देहरादून। अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र की सोमेश्वर विधानसभा आरक्षित सीट से धामी सरकार में दोबारा कैबिनेट मंत्री बनी रेखाआर्य का शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल में पेट की रसौली का सफलतापूर्वक ऑपरेशन हुई। वह काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। धामी सरकार में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य पिछले कुछ समय अस्वस्थ चल रही थीं।

### श्री राम नवमी विशेषः राम चरित साकार हो उठे

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय संस्कृति के आधार स्तम्भ– भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। शब्द राम का तो विस्तार ही– राइट एक्शन मैन है अर्थात् सदा उचित कृत्यों को करने वाला व्यक्तित्व। सद्गुणों से परिपूर्ण श्रीराम का अनुसरण करके ही मानवता श्रेष्ठता को छू सकती है। और ऐसा करना अव्यावहारिक भी नहीं है।

### रियलमी ने रियल 9 के साथ रियलमी जीटी 2 प्रो किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने आज अपने लेटेस्ट व अत्याधुनिक स्मार्टफोन – अपना सबसे प्रीमियम फ्लैगशिप, रियलमी जीटी 2 प्रो और 108 मेगापिक्सल का प्रोलाईट कैमरा पॉवर परफॉर्मर, रियलमी 9 प्रस्तुत किया। ब्रांड ने अपने टेकलाईफ ईकोसिस्टम में नए आकर्षक उत्पादों – रियलमी बड्स एयर 3, रियलमी बुक प्राईम, और रियलमी स्मार्ट टीवी स्टिक का अनावरण भी किया।

### ह्यात रीजेन्सी देहरादून के साथ उत्तराखंड में किया प्रवेश

**संवाददाता** देहरादून। ह्यात होटल्स कॉर्पोरेशन ने शुक्रवार को ह्यात रीजेन्सी देहरादून की ओपनिंग की घोषणा की है। 263 कमरों वाला यह होटल उत्तराखण्ड में ह्यात का पहला होटल है जो देश में ब्राण्ड की मौजूदगी को और सशक्त बनाएगा। ह्यात रीजेंसी ब्राण्ड के तहत उत्पादकता को ध्यान में रखते हुए होटल का डिजाइन तैयार किया गया है।

# भ्रष्टाचारियों पर सख्त कारवाई की जाएः सीएम

**शुभारम्भ**

- मुख्यमंत्री ने किया भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड एप– 1064 का शुभारम्भ
- भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड एप– 1064 का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में विजिलेंस विभाग द्वारा निर्मित एप भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड– 1064 का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एप का क्रियान्वयन मजबूती से किया जाय। मुख्यमंत्री ने एप पर जो भी शिकायते आती हैं, उनका यथाशीघ्र निस्तारण किया जाय। यदि किसी शिकायतकर्ता की शिकायत विजिलेंस से संबंधित नहीं है, तो उसे सीएम हेल्पलाईन एवं संबंधित विभाग को भेजा जाय। यह भी सुनिश्चित किया जाय कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई, उसके स्टेटस अपडेट की पूरी जानकारी उन्हें मिले।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सतर्कता विभाग के दो इन्सपेक्टर को विवेचना करने के लिए टेबलेट भी प्रदान किये। सतर्कता विभाग के अन्य कार्मिकों को भी विवेचना के लिए टेबलेट दिये जायेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर सख्त कारवाई की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि के सिद्धान्त पर कार्य किये जाय। जन समस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निदेशक सतर्कता को निर्देश दिये कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड एप– 1064 का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाय। आम जन को इस एप की पूरी जानकारी हो।

निदेशक सतर्कता अमित सिन्हा ने जानकारी दी कि 1064 नम्बर पर एप के माध्यम से एवं फोन से कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। यह नम्बर भारत सरकार से प्राप्त है। एप के माध्यम से प्रत्येक शिकायत रजिस्टर होगी, जिसका पूरा डाटा सुरक्षित रखा जायेगा। शिकायतकर्ता की पूरी गोपनीयता रखी जायेगी। यह एप हिन्दी एवं अंग्रेजी दानों भाषाओं में है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु, सचिव कार्मिक एवं सतर्कता अरविन्द सिंह ह्यांकी, एसपी श्रीमती रेनू लोहानी, सीओ सुरेन्द्र सिंह सामन्त, श्रीमती अनुषा बडोला, निरीक्षक मारूत शाह, सुश्री विभा वर्मा आदि मौजूद थे।

## जिस क्षेत्र में भी जाएंय उस क्षेत्र के नेता बनेंः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्र–छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जिस क्षेत्र में भी जाएं, उस क्षेत्र के नेता बनें। यानी उस क्षेत्र में सबसे आगे रहे और सर्वोत्तम कार्य करें। यह बात उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) रुड़की में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव–2022 में कहीं। आइआइटी रुड़की में शुक्रवार को तीन दिवसीय सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया गया। कान्क्लेव के उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सतत विकास से ही सभी समस्याओं का निदान संभव है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सतत विकास के लिए सरकार की ओर से जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण आदि मुद्दों पर नीतियों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनसे केवल उनके माता–पिता, मोहल्लेवासियों और शहरवासियों को ही उम्मीद नहीं है, बल्कि प्रदेश और देशवासियों को भी उम्मीदें हैं। इसीलिए वह श्रेष्ठ कार्य करें।

# एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित विषयों की समीक्षा होगी

**बैठक**

- विभागीय अधिकारियों के साथ की गई पुनगर्ठन विभाग की समीक्षा बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के पुनगर्ठन मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा पुनगर्ठन विभाग की समीक्षा बैठक विधानसभा स्थित सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ की गई।

बैठक में मंत्री ने उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश की परिसंपत्तियों (सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वन, परिवहन, आवास, पर्यटन तथा अन्य विभाग) के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।



बैठक में अधिकारियों द्वारा मंत्री को अवगत कराया गया कि दोनों राज्यों के मध्य आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन से संबंधित अधिकांश बिन्दुओं पर आपसी सहमति अंतिम चरण में है तथा कुछ आस्तियों एवं दायित्वों के विभाजन को आगामी बैठकों में रखा जायेगा। मंत्री ने कहा कि विगत दिनों मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के बीच हुई बैठक में दोनों राज्यों की परिसंपत्तियों के बंटवारे में सकारात्मक प्रगति हुई है।

मंत्री ने सिंचाई विभाग की भूमि की सर्वे रिपोर्ट की सटीक जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये, ताकि आगामी बैठक में उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ इस संबंध में अंतिम निर्णय पर पहुंच सकें। मंत्री ने अवगत कराया कि कार्मिकों के लंबित मामले अंतिम चरण में हैं। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर पुनः विभाग की बैठक आयोजित कर सभी लंबित विषयों की समीक्षा की जायेगी।

इस अवसर पर बैठक में सचिव, पुनर्गठन रणजीत सिन्हा, संयुक्त सचिव सुनील कुमार, उप सचिव एनएस बसेड़ा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## दून से आई विजिलेंस टीम ने रुड़की तहसील में तैनात कानूनगो को किया गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून से आई विजिलेंस टीम ने रुड़की तहसील में तैनात कानूनगो को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को आरोपित कानूनगो राजकुमार निवासी विकास नगर देहरादून को पंद्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल मुंडियाकी निवासी एक व्यक्ति ने तहसील में अपनी भूमि का उपयोग परिवर्तित करने के लिए आवेदन किया था। इसके लिए कानूनगो एक लाख रुपये की रिश्वत मांग रहा था। जिस पर शिकायतकर्ता ने असमर्थता जताई। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत विजिलेंस से की। शिकायत के बाद विजिलेंस की टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। आज शिकायतकर्ता पंद्रह हजार रुपये लेकर कानूनगो राजकुमार को देने आया था, जैसे ही उसने रुपए लिए विजिलेंस टीम ने आरोपति को दबोच लिया। फिलहाल विजिलेंस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।